प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**1910 सोमवार** **दिनांक 18.08.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाई गई आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का एक जवान शहीद–तीन अन्य जवान घायल।

2– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की मूल्यांकन परिषद नैक ने रायपुर के रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड प्रदान किया।

3– राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सोलह हजार से अधिक संविदा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आज से अनिश्तिकालीन हड़ताल पर।

4– एकलव्य विद्यालयों की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता कल से बिलासपुर में शुरू होगी।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>जवान–शहीद</u>**

बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी का एक जवान दिनेश नाग शहीद हो गया। जबकि, तीन अन्य जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में डीआरजी की टीम कल सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान आज सुबह माओवादियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया, जिसकी चपेट में आने से डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शहीद जवान के परिजन के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने घायल जवानों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से माओवादी हताश हो चुके हैं और इस प्रकार की कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।

**<u>सीपी राधाकृष्णन–उपराष्ट्रपति उम्मीदवार</u>**

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद इसकी घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री राधाकृष्णन ने सार्वजनिक सेवा के लम्बे दौर में अपनी विनम्रता, बुद्धिमत्ता और समर्पण से अलग पहचान बनायी है।

**<u>केन्द्रीय कृषि मंत्री–नकली कीटनाशक</u>**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नकली कीटनाशक और खाद–बीज बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्री चौहान मध्यप्रदेश में नकली दवा छिड़काव से सोयाबीन की फसल को हुए नुकसान का निरीक्षण करने पहुंचे थे। केंद्रीय कृषि मंत्री को नकली खरपतवार नाशक दवा से सोयाबीन की फसलों को हुए नुकसान की शिकायतें मिली थीं। श्री चौहान ने कहा कि ऐसी कंपनियों के खिलाफ पूरे देश में व्यापक

अभियान चलाया जाएगा। श्री चौहान के निर्देश पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा तत्काल जांच समिति गठित कर दी गई है।

## पटवारी कार्यालय–राशि

राज्य सरकार ने पटवारी कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए सात करोड़ सत्तर लाख रुपये की मंजूरी दी है। इससे आम जनता को राजस्व सेवाएं तेजी और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध हो सकेंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि पटवारी ग्रामीण राजस्व व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। वहीं, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पटवारियों की जायज़ मांगों को स्वीकार करते हुए वित्तीय स्वीकृति दी है। चालू वित्तीय वर्ष में पटवारियों के लिए विभिन्न मदों में राशि आबंटित की गई है। इसके अंतर्गत कार्यालय संचालन, आवश्यक संसाधन और सुविधा विस्तार के लिए यह राशि उपलब्ध कराई जाएगी। पटवारी संगठनों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## राज्यपाल–रविशंकर विवि

रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद–नैक ने ए प्लस ग्रेड प्रदान किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदांनद शुक्ला ने आज राज्यपाल से भेंट कर नैक द्वारा इस संबंध में प्राप्त पत्र सौंपा। राज्यपाल रमेन डेका ने इसके लिए विश्वविद्यालय को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि राज्य के अन्य शासकीय विश्वविद्यालयों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी और वे गुणवत्ता में सुधार लाएंगे।

गौरतलब है कि रविशंकर विश्वविद्यालय राज्य का पहला शासकीय विश्वविद्यालय है जिसे सामान्य विश्वविद्यालय की श्रेणी में ए प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है।

## एनएचएम कर्मचारी–हड़ताल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–एनएचएम के सोलह हजार से अधिक संविदा कर्मचारी अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर आज से प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इन कर्मचारियों द्वारा पिछले दिनों भी जिला मुख्यालय और राजधानी रायपुर में प्रदर्शन किया गया था। संविदा कर्मचारी संघ की ओर से कहा गया है कि हड़ताल के दौरान विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई–एसएनसीयू में नवजात शिशु देखभाल सहित सभी तरह की आपातकालीन सेवाओं का भी बहिष्कार किया जाएगा।

इस बीच, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा है कि इन संविदा कर्मचारियों की मांगों के संबंध में राज्य शासन की ओर से एक प्रस्ताव तैयार कर केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा।

## प्राचार्य–पदोन्नति

राज्य शासन ने स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राचार्य टी–संवर्ग की पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए हैं। पदोन्नत प्राचार्यों की पदस्थापना के लिए ओपन काउंसिलिंग रायपुर के शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर में बीस अगस्त से शुरू होगी, जो तेईस अगस्त तक चलेगी। काउंसिलिंग में आठ सौ पैंतालीस पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग की प्रक्रिया हर दिन सुबह दस बजे से शुरू होगी। पदोन्नत प्राचार्यों और रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहने वाले प्राचार्यों को अंतिम दिन तेईस अगस्त को अवसर दिया जाएगा।

## मुख्य न्यायाधीश–सत्र

न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के लिए मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से बिलासपुर में शुरू हुआ। इसका शुभारंभ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि मध्यस्थता विवादों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्यस्थता की प्रक्रिया, नैतिकता और व्यावहारिक पक्षों की गहन समझ प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम बाईस अगस्त तक चलेगा।

## मुख्यमंत्री–रोवर रेंजर अवार्ड

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राष्ट्रपति रोवर रेंजर अवार्ड से सम्मानित देवाशीष मखीजा और रेंजर मनतृप्त कौर संधू ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दोनों प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते बाईस जुलाई को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित विशिष्ट समारोह में छत्तीसगढ़ के रोवर देवाशीष माखीजा, रेंजर मनतृप्त कौर संधू और गाईड कुसुम सिन्हा को अलग–अलग श्रेणियों में सम्मानित किया। श्री देवाशीष ने बताया कि यह पुरस्कार चार वर्षों के अंतराल में देशभर से चयनित सोलह प्रतिभागियों को प्रदान किया गया। इस बार छत्तीसगढ़ से तीन प्रतिभागियों ने यह उपलब्धि हासिल की।

## एकलव्य विद्यालय–प्रतियोगिता

एकलव्य विद्यालयों की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता कल से बिलासपुर में शुरू होगी। दो दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के करीब दो हजार खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान बीस खेलों से संबंधित स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह कल सुबह ग्यारह बजे बिलासपुर के बहतराई स्थित राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित किया जाएगा।

## रेलवे–स्वच्छता अभियान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में सोलह अगस्त से शुरू हुआ स्वच्छता अभियान इकतीस अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसी कड़ी में बिलासपुर, चांपा, मनेन्द्रगढ़, कोरबा और रायगढ़ सहित कई स्टेशनों पर स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें रेलवे अधिकारी–कर्मचारी, स्कूली बच्चे और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। रैली के माध्यम से यात्रियों और आमजनों को स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया गया।

## चैतन्य बघेल–रिमांड

शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की चौदह दिन की न्यायिक रिमांड अवधि समाप्त होने पर आज उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद उन्हें तीसरी बार चौदह दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस मामले में अब एक सितंबर को सुनवाई होगी।

इस बीच, प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने चैतन्य बघेल की पांच दिन की कस्टोडियल रिमांड की मांग की है, जिस पर कल सुनवाई होगी।

## संक्षिप्त समाचार

## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक कल उन्नीस अगस्त को सुबह ग्यारह बजे नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में आयोजित होगी।

–	मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दुर्ग के भिलाई स्थित भाजपा के नवनिर्मित जिला कार्यालय का लोकार्पण किया।

–	बालोद जिले में एक डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। डौंडी पुलिस ने एक महिला आरक्षक की शिकायत के बाद डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

–	राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी आर संगीता को छत्तीसगढ़ ब्रेवरेजेस कॉर्पोरेशन और छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

–	सक्ती ज़िले के ओडेकेरा गांव की सेवा सहकारी समिति द्वारा कथित रूप से खाद–बीज उपलब्ध नहीं कराने के विरोध में किसानों ने आज जैजैपुर–हसौद मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया।

–	रायगढ़ जिले के केलो बांध में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है।

–	जांजगीर–चांपा जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में शराब पीकर पहुंचने वाले प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>